दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 195 मुरादाबाद, 03 November 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### बीएचयू की घटना पर प्रियंका ने यूपी सरकार पर साधा निशाना, बोलीं- शिक्षण संस्थान सुरक्षित नहीं; धिक्कार है

आईआईटी बीएचयू में छात्रा से छेड़छाड़ मामले में सोशल मीडिया पर कई राजनीतिक प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।प्रियंका गांधी ने लिखा है- विश्वविद्यालय-परिसर में, उस छात्रा के साथ ज़ोर-ज़बर्दस्ती और दिल दहला देने वाली हिंसा की गयी है। निर्लज्ज हमलावरों ने घटना का वीडियो भी बना लिया है।आईआईटी बीएचयू में बुधवार देर रात छात्रा से छेड़छाड़ का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कई राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिल रही हैं। मामले पर प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। प्रियंका गांधी ने लिखा है- %बनारस में ढ्ढढ्ढञ्ज, क्च॥ की एक छात्रा पर यौन आक्रमण हुआ है। कुछ देर पहले, विश्वविद्यालय-परिसर में, उस छात्रा के साथ ज़ोर-ज़बर्दस्ती और दिल दहला देने वाली हिंसा की गयी है। निर्लज्ज हमलावरों ने घटना का वीडियो भी बना लिया है। घटना के विरुद्ध आईआईटी के छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। क्या अब बीएचयू-परिसर और ढ्ढढ्ढञ्ज जैसे शीर्ष संस्थान भी सुरक्षित नहीं हैं? प्रधानमंत्री जी के निर्वाचन-क्षेत्र में एक छात्रा का अपने ही शिक्षण-संस्थान के भीतर निर्भय होकर पैदल चलना क्या अब संभव नहीं रहा? धिक्कार है।मामले को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बीएचयू प्रशासन व सरकार पर निशाना साधा है। बोले- पूरे प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। बीएचयू में यह कुकृत्य होना निंदनीय है। सरकार को घटना पर सख्त रुख अपनाना चाहिए और न्याय दिलाना चाहिए। वहीं, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा की बीएचयू का मामला मैंने पहले भी उठाया था और उजागर किया किया था कि यहां कि व्यवस्था ठीक नहीं है। लेकिन बीएचयू प्रशासन सोया रहा। कैंपस में इस तरह की घटनाएं अपराध बोध हैं।

## दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को मिल जाएगा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ, हरदोई में बोले सीएम योगी



हरदोई। शाहाबाद के उधरनपुर में नारी मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ मिल जाएगा। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 75 लाख परिवारों को मालिकाना हक उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बनी है।इसके तहत अब तक 3 लाख बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटा और बेटी के बीच भेद समाप्त करने के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि? इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 75 लाख परिवारों को मालिकाना हक उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बनी है।इसके तहत अब तक 3 लाख बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटा और बेटी के बीच भेद समाप्त करने के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत नए सत्र से देंगे 25 हजार रुपये

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत नए सत्र से 25 हजार रुपये देंगे। इसके लिए बजट की व्यवस्था कर दी गई है। अभी तक इस योजना का लाभ 17 लाख बेटियों को मिल रहा है। इसकी संख्या के हम और बढ़ाएंगे। अब बेटी के पढ़ाई से लेकर नौकरी और विवाह तक की व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है।

### अब शोषण मुक्त समाज का सपना हो रहा साकार- सीएम

भीड़ से खचाखच भरे मैदान में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 से 2017 तक प्रदेश के पुलिस बल में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं। वहीं मात्र छह वर्ष में हमारी सरकार अतिरिक्त भर्ती के कार्यक्रम चलाकर महिला कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर 40 हजार कर चुकी है। अब शोषण मुक्त समाज का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए गए खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया मूवमेंट के परिणाम अब सामने आ रहे हैं। एशियाई खेलों में पहली बार भारत को 107 मेडल मिले हैं। विश्व चैंपियनशिप की किसी भी प्रतियोगिता में देश के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार मेडल के अनुसार शासन की विभिन्न सेवाओं में समायोजन करने की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, जिस भी क्षेत्र में बेटियों को उचित अवसर प्राप्त होगा हमारी सरकार उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद डॉ. अशोक बाजपेयी, जय प्रकाश रावत अशोक रावत, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा समेत सभी विधायक, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, मिशन शक्ति संयोजक जिला महामंत्री अनुराग मिश्र आदि मंच पर मौजूद रहे।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो महिलाओं को हर माह होगा 4000 का फायदा', KCR को घेरते हुए राहुल का दावा

राहुल गांधी कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा बैराज के पास अंबातीपल्ली गांव में एक महिला सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा कथित तौर पर लूटे गए सभी धन को लौटाने का फैसला किया है।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि तेलंगाना में दो नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो महिलाओं को चार हजार रुपये तक का फायदा होगा।

### अंबातीपल्ली गांव में महिला से बोले राहुल

दरअसल, राहुल गांधी कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा (लक्ष्मी) बैराज के पास अंबातीपल्ली गांव में एक महिला सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा कथित तौर पर लूटे गए सभी धन को लौटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की लूट से तेलंगाना की महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री द्वारा लूटी



गई राशि आपके बैंक खातों में जमा करने का फैसला किया है।'

### इन योजनाओं से होगा लाभ

कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक पेंशन, एलपीजी सिलेंडर पर बचत और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के जरिए महिलाओं को 4000 रुपये तक का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में हर महीने महिलाओं के बैंक खातों में सामाजिक पेंशन के रूप में 2,500 रुपये जमा किए जाएंगे। इसके अलावा, कांग्रेस सत्ता में आने पर एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करेगी, जिसकी कीमत अभी एक हजार रुपये है, जो बाद में पांच सौ रुपये में मिलेगा। इतना ही नहीं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के माध्यम से एक हजार रुपये की आपूर्ति की जाएगी। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'इन सभी योजनाओं से महिलाओं को हर महीने चार हजार रुपये का फायदा होगा। इसे पराजला सरकार यानी लोगों की सरकार कहा जाता है।'

### एक लाख करोड़ रुपये लूटे जाने का आरोप

तेलंगाना में एक लाख करोड़ रुपये लूटे जाने का आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा कि बीआरएस, भाजपा और एमआईएम आगामी चुनाव में एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मुकाबला कांग्रेस और केसीआर के नेतृत्व वाली पार्टी के बीच है। उन्होंने कहा, एमआईएम और भाजपा बीआरएस का समर्थन कर रहे हैं। इसलिए आपको दोराला सरकार को हटाने और पराजला सरकार को लाने के लिए कांग्रेस का पूरा समर्थन करना होगा।'

### कालेश्वरम परियोजना से पैसा बनाने का आरोप

राहुल गांधी ने केसीआर पर कालेश्वरम परियोजना से पैसा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केसीआर के लिए एटीएम की तरह है। राहुल ने कहा कि इस मशीन को चलाने के लिए तेलंगाना के सभी परिवारों को 2040 तक सालाना 31,500 रुपये खर्च करने होंगे।

## सहारनपुर में अखिलेश यादव बोले-सपा समर्थकों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही सरकार, PDA गठबंधन पर कही बात

उत्तर प्रदेश के देवबंद में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने पर सरकार सपा समर्थकों पर फर्जी मुकदमे कर रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को देवबंद में पूर्व विधायक माविया अली के बेटे के शादी समारोह में शिरकत के लिए पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विधायक और सपा नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार जनता की आवाज उठाने पर सपा समर्थकों पर फर्जी मुकदमे कर रही है। दोपहर करीब 1.40 मिनट पर अखिलेश यादव का कारों का काफिला फिरदौस गार्डन पहुंचा। यहां पूर्व विधायक माविया अली सहित सपा विधायकों ने उनकी अगुवाई की और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपने नेता का स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने वर वधू को अपना आशीर्वाद दिया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस भर्ती तैनात किया गया था। अखिलेश यादव की झलक पाने को सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ नोंकझोक होते भी देखी गई। वहीं, अखिलेश यादव जब फिरदौस गार्डन पहुंचे तो वह समारोह में जाने वाले



गेट से पहले ही कार से उतर गए। जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पुन: कार में बैठाया और दूसरे रास्ते से भीतर लेकर गए।

### सपा मुखिया बोले सपा पीडीए गठबंधन के साथ मिलकर लडेगी चुनाव

कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की आवाज उठाने वाले सपा नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है। लेकिन समाजवादी लोग किसी भी कीमत पर सरकार से नहीं डरने वाले नहीं हैं। सपा के दिवंगत मंत्री राजेंद्र सिंह राणा के पुत्र सपा नेता कार्तिकेय राणा के मजनूवाला रोड स्थित प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व केबिनेट मंत्री आजम खान के मामले में भाजपा सरकार की दमनकारी नीति का जवाब जनता आगामी चुनाव में देगी।

### पीडीए गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी सपा

उन्होंने कहा सपा पीडीए गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में केंद्र में गठबंधन की सरकार बनना लगभग तय है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में सपा ने गठबंधन को चुनाव लड़ने का मसौदा तैयार किया है।उन्होंने कहा देवबंद भाईचारा की संस्कृति का शहर है, जिसका जंगे आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देवबंद वह स्थान है जिसने उर्दू में शिक्षा दी। लोगों का जीवन बदला है। ऐसी जगह आकर कार्यकर्ताओं से मिलकर मुझे पूरा भरोसा है कि जो गंगा-जमुनी तहजीब है, आपसी भाईचारा है उसे वापस लौटाने के लिए समाजवादी कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आगामी चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के काम करेगी। इसके बाद उन्होंने पूर्व मंत्री राजेंद्र राणा को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कार्यकर्ताओं में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जोश भरा।

## यूपीए को समर्थन देने के लिए हमने कितने पैसे लिए, ओवैसी का राहुल गांधी पर पलटवार

ओवैसी ने हिंदी में लिखा कि आंध्र में, अविश्वास प्रस्ताव के दौरान किरण कुमार रेड्डी की सरकार का समर्थन करने के लिए कितना पैसा खर्च किया गया था? राष्ट्रपति पद के लिए प्रणब मुखर्जी का समर्थन करने के लिए जगन मोहन रेड्डी को मनाने के लिए मुझे कितने पैसे मिले? ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा कि 2008 में अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर यूपीए सरकार का कितना समर्थन करना पड़ा एक्स पर एक पोस्ट में, ओवैसी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से राहुल गांधी की हार पर कटाक्ष करते हुए उनसे सवाल किया, क्या आप अमेठी चुनाव मुफ्त में हार गए या आपको भुगतान मिला? कृपया कोई बताएं प्रिय राहुल गांधी, हमने



2008 में अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर यूपीए का समर्थन करने के लिए कितना पैसा लिया था? ओवैसी ने हिंदी में लिखा कि आंध्र में, अविश्वास प्रस्ताव के दौरान किरण कुमार रेड्डी की सरकार का समर्थन करने के लिए कितना पैसा खर्च किया गया था? राष्ट्रपति पद के लिए प्रणब मुखर्जी का समर्थन करने के लिए जगन मोहन रेड्डी को मनाने के लिए मुझे कितने पैसे मिले? उन्होंने कहा, 2014 से अब तक आप सिर्फ हारे हैं, इसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। यूपीए को समर्थन देने के लिए हमने कितने पैसे लिए%, ओवैसी का राहुल गांधी पर पलटवार

### क्या था राहुल गांधी का एआईएमआईएम पर आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम के खिलाफ बड़ा दावा करते हुए कहा कि जहां भी कांग्रेस बीजेपी से मुकाबला करती है, वहां पार्टी बीजेपी से पैसे लेकर उम्मीदवार उतारती है। उन्होंने तेलंगाना के कलवाकुर्थी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम जहां भी चुनाव लड़ने जाते हैं...असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, जहां भी कांग्रेस पार्टी बीजेपी के साथ लड़ती है, एआईएमआईएम पार्टी बीजेपी से पैसे लेती है और वहां अपने उम्मीदवार खड़ा करती है।

# संपादकीय Editorial

## CU accused in Jadrangal

Now the issue is not about disintegrating the Central University, but about dismantling its Jadarangal campus and this has been done. Those who believed that only BJP was guilty in the politics of Jadrangal complex, they should open their eyes and see that the Congress government is also bent upon making it a boon for Hamirpur parliamentary constituency. Ultimately, only Shanta Kumar has opened his mouth, whereas all the Congress MLAs from Kangra are licking the candy. It is surprising that Chaudhary Chandra Kumar, the only minister in Kangra quota, is also sitting with curd in his mouth, whereas once the proposal of Dharamshala complex was saved due to him and Sudhir Sharma. The biggest example of how institutions can go to waste is the fragmented chapter of Central University. First Dhumal and then Jairam governments were there in this ulcer and now this is not the primary objective for the Sukhu government too, otherwise the work would have started long ago by depositing Rs. 30 crores. Even if the entire university is settled in Dehra, it does not make any difference in the importance of such an institution, but due to being under the shadow of dirty politics, many floors of higher education have been destroyed. If it is not so, then all those leaders who kept playing from the Dharamshala complex can feel the victory and those who lost can feel the blow of the political whip on the back. It is surprising that the cricket wind which brought light to Anurag Thakur in Dharamshala, kept on collecting the Central University in MP Hamirpur parliamentary constituency.

Kangra MP Kishan Kapoor also had a similar history, who as an MLA had first taken his stance against CU in Dharamshala. In Himachal, the buildings of AIIMS, IIM, Medical College and especially the Medical College of Hamirpur kept on rising without any pomp, but the examinations were held at CU in Dharamshala. Dhumal government first razed the proposed site, then his commander Ravindra Ravi, in the possibility of Jadrangal, defamed the place with his statements. The surprising thing is that while making the land of Jadrangal a criminal, sometimes the Central Forest Ministry rained blows on it and sometimes it caught it in the jaws of the Geological Survey Department of Kolkata. Somehow the approvals were received, now the Sukhu government has put a lock on the payment of Rs 30 crores even after reducing the measurement of the land. On the one hand, former Chief Minister and Union Minister Shanta Kumar is hurt by the government's neglect towards the Jadrangal complex and on the other hand, every file is clear due to the round-the-clock pace of work in the construction of the Dehra complex. Amidst all this, the history that the Central University has collected is tarnishing the reputation of Himachal.

From appointments to study practices, this institute has created a special acceptance, where the scope of one-sided thinking is increasing in the background of ideas. Instead of study and research on Himachal's economy, tribal life and natural disasters, the primary topic before the university is where the winds of Jammu and Kashmir are blowing. Now it has been announced that Dharamshala Central University will find out what difference is coming there after the removal of Article 370 and division of Jammu and Kashmir, Dharamshala CU will do research on this. Dharamshala Central University's concern for Jammu and Kashmir is also reflected in various seminars, whereas there are two separate Central Universities in Jammu and Kashmir, and there has been advocacy for another institution for Ladakh as well. However, now the name of Sukhu government is also being added to the continuous politics going

# Environment: 50 years of Chipko movement, the unique campaign has witnessed the direct participation of women.


Not only did Chandiprasad Bhatt play a big role in this movement, it is worth noting that even before Reni, at the end of 1973, a large number of women had started uniting in this movement. This was the first direct participation of women in the Chipko movement. The last week of December 1973 was full of hustle and bustle. This was the first direct participation of women in the Chipko movement. On December 29, Shyamadevi from Gopeshwar, who had given land for the establishment of Dashauli Gram Swarajya Sangh (DAGRASWAMS) building, reached Fata along with other women. On December 30, 1973, the first procession of rural women took place in Rampur under the leadership of Shyama Devi, Indra, Jethuli, Jayanti and Parvati. A meeting was held under the chairmanship of Shyama Devi and the pledge to protect the trees was repeated. Shishupal Kunwar and Anusuya Prasad were constantly together. The women returned to their homes only after achieving success. This was a precursor to the resistance that would occur in the next year. But this was not a new thing for women. A few years ago, she had participated in the prohibition movement. There was more activity in Chamoli. The women there went to Tehri and Saharanpur jail after their arrest. Due to the caution, activeness and organization of villagers and workers, most of the trees of Maikhanda forest were saved. After Mandal, Chipko's second resistance was also successful. This happened due to the hard work of the workers and the understanding of the villagers. Chandiprasad Bhatt, Anand Singh Bisht, Shishupal Kunwar, Murarilal, Kedar Singh Rawat, Shyamadevi etc. had direct contribution along with the villagers in the first resistance of Chipko. Sunderlal Bahuguna had set out on a four-month long padyatra from 25th October. Now the jungle fight had to reach Uttarkashi, Nainital and other places. The victory of FATA gave greater depth and expansion to the movement. The government called the representatives of the Chipko movement in Lucknow and asked them to give suggestions for the new forest policy. On the other hand, deforestation continued in their area. Neither the government policy changed nor the agitators. Four trees were cut in Fata, but printing was going on for the next auction. Then information about auction of Reni and other forests was received. On the other hand, 23 LISA units in seven districts of Uttarakhand were closed. 1,800 quintals of lees were auctioned at Rs 150-155 per quintal. But it was available to local units at the rate of Rs 180 per quintal. But right now, not Lisa, Reni's auction was important. In the beginning of November, 1973, Govind Singh, Chandiprasad, Hayat Singh, Vaswanand and Jagat Singh Kerni etc. had traveled to the villages between Joshimath and Reni. In December 1973, Govind Singh, Hayat Singh, Vaswanand etc. kept visiting villages. Govind Singh then took out a pamphlet 'Launch of Chipko Movement' with the slogan 'Red mark has arrived, looters should be careful'. In this, there was a request to get forest rights by getting organized and protesting against the colonization of the mountains and the looting of the wealth here. Fata provided energy for retaliatory action. Work was going on in the area. As per the decision of Sarvodaya Mandal, Chandiprasad thought it appropriate to go to Dehradun, where the forests were going to be auctioned. However, Chandiprasad disagreed with the opposition to auctions in cities. He reached Dehradun after making a pamphlet for the Chipko movement. They knew the limitations, but the message could reach more people. This was the beginning of a symbolic protest against the auction. The pamphlet contained an appeal to make the Chipko movement successful by stopping the destruction of forests, stopping the auction-contracting system, increasing rights, forming labor committees, not sending raw materials out, and providing raw materials, technology and capital to the forest dwellers. The leaflet ended with poignant sentences: 'This is the message of Tiladi, the cry of those who drowned in the floods of Belakuchi (the village which was washed away in the flood of 1970) and those who are devastated by the floods that occur every year due to indiscriminate felling of forests. On January 2, 1974, Chandiprasad asked the forest officials to stop the auction from humanitarian, social, economic and ecological viewpoint. At night he met student Bri. Sin. With the help of Manu Nishchint and Lakshmi Prasad Nautiyal, some posters were pasted around the Town Hall. Both said that the auction should be banned. But no consensus was reached. As per the prescription received from Gopeshwar, posters were made and put up. On January 3, 1974, Chandiprasad stood at the entrance of the Town Hall of Dehradun. Last evening also he tried to talk to the contractors and clerks and told them that the Chipko movement will continue in Reni. The contractors and clerks kept making fun of him. He would just point out the poster to them. The contractor-scribe would read the poster eagerly and then go inside with a sarcastic smile. Auctions continued to take place inside the Town Hall. Reni's forest was auctioned for Rs 4 lakh 71 thousand. When everyone was coming out after the auction, Chandiprasad went inside the hall and met the clerk of the Reni contractor. He said that tell your contractor that when they come to cut the Reni forest, they will have to face the Chipko movement. The word 'Chipko' got stuck in the memories of the contractors and clerks that day. Chandiprasad came to Gopeshwar from Dehradun. Talked to Ministers Shishupal Singh, Dayal Singh, Chakradhar, Dan Singh, Vishwambhar Radatt, Soban Singh and Hayat Singh in Dagraswasam. Sent the news of Reni auction to friends. Many discussions took place in Gopeshwar. In February 1974, Govind Singh once again visited the area in the old style. This time Hayat Singh, Sudarshan Kathait, Comrade Sudama etc. were with him. Village head Jagat Singh and president of Mahila Mangal Dal Mangulidevi in their meeting in Lata. Including all the villagers were present. Next day there was a meeting in Reni. On March 12, 1974, Chandiprasad sent a letter to the Chief Minister. Despite talks with the Chief Minister and discussions regarding formulating a new forest policy, there was no impact on the government. Workers were coming and going in Joshimath-Reni area. Govind Singh had direct contact with the chiefs and the general public. Last year he had distributed papers on behalf of all the heads. Pamphlets were being distributed and read continuously. In January and February 1974, preparations continued everywhere. Public agitators, contractors, forest department and the government of Lucknow were engaged in this preparation in their own ways. Everyone was busy making their own strategy. Hill Development Corporation started two LISA units at Champawat and Tilwara from 15 February 1974. The announcement had reached the villages of Chamoli that a demonstration would be held in Joshimath on March 15, 1974 against the deforestation.

# Education: How should Recruitment Commission be useful, immediate permanent solution to discrepancies is necessary

The government should immediately and permanently resolve the discrepancies. Its path can be made easier by making the newly formed commission operational. The far-reaching thinking with which the Yogi government had formed the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission by dissolving the recruitment board and various commissions for the recruitment of teachers, if that readiness had remained constant, it could have yielded good results. Nearly two and a half months have passed since the notification of the new commission was issued, but not a single appointment has been made yet. This delay is surprising because the government itself is not comfortable with the questions being raised regarding the delay in recruitment. The Forum of the Unemployed claims that six lakh posts of teachers are vacant in the state. However, the government does not consider this figure correct. While approving the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Act on August 1, the Uttar Pradesh Cabinet had pointed out the huge time taken in recruitments. The headquarters of the new commission is to be built in Prayagraj, which will have a total of 12 members along with the chairman. The Chairman can be one who has held the post of Principal Secretary or its equivalent while in the Indian Administrative Service. This responsibility can also be given to the present or former Vice-Chancellor of the University or an academician who has been a professor for ten years and has administrative experience of at least three years. There is an obligation to have six academicians out of the 12 members. Five are to be selected from joint director or additional director level officers of the dissolved education commissions or boards, while one member will be of the district judge level.

There is neither shortage of capable retired IAS officers nor academicians in the state. Almost half the posts of officers are vacant. While approving the Act, the Government had acknowledged that the quality of teachers was being affected due to variation in the level of proficiency related to selection. There is also no uniformity in selection. Vacant posts of teachers are adversely affecting teaching and training. Earlier there were many commissions for the selection of teachers. Now having one commission will bring uniformity, transparency and timeliness. In fact, the situation of vacant posts and pending recruitments of teachers is worrying. The Secondary Education Minister has told in the Assembly that out of 4,168 posts of Principals in non-government aided secondary high schools and inter colleges, 2,663 posts are vacant. The government had said that the new commission will do teacher recruitment even in minority institutions. But, suddenly he got permission for recruitment at his own level, due to which the very purpose of the new commission was questioned. By the way, even after the activation of the new commission, the discrepancies related to teacher recruitment are not going to go away soon. Despite the principle of equal post-equal merit, the selection process is not uniform. The State Public Service Commission recruits lecturers for Government Inter Colleges and will do the same in future too. A new commission will do recruitment on this post in non-government colleges. The method of selection of both is also different. UP-PSC makes selection through two-stage written examination, whereas in private colleges, the final selection is done through written examination and interview. UP-PSC recruits assistant professors in government colleges only through interview, whereas for the selection of these teachers in non-government colleges, there is both written examination and interview. UP-PSC has not been able to complete the recruitment of LT grade teachers in government schools even after five years. In July-2018, four lakh candidates appeared in the examination conducted for the recruitment of 10,768 teachers. Due to eligibility disputes, hundreds of posts in subjects like Hindi, Social Science, Arts remained vacant. Among those who were selected, some became senior and some became junior. The government should immediately and permanently resolve such discrepancies. The path of recruitment can be made easier by making the newly formed Selection Commission operational.

# सरकारी राइफल से सीओ के गनर ने खुद को गोली से उड़ाया, डेढ़ साल पहले हुआ था विवाह



मुरादाबाद- गर्दन में मार ली गोली, करवाचौथ की रात में कर ली आत्महत्या, बिना एफआईआर दर्ज कराए पोस्टमार्टम के बाद कांस्टेबल बेटे का शव लेकर चले गए परिजन करवाचौथ की रात बुधवार को सीओ कोतवाली देशदीपक सिंह के गनर कांस्टेबल अजीत कुमार ने सरकारी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली उसके गर्दन में लगी है। अजीत अभी 28 वर्ष का ही था। डेढ़ वर्ष पहले ही इसका विवाह हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही रात में एसएसपी हेमराज मीना, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक अजीत कुमार मुजफ्फरनगर के थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव मोहपुर के रहने वाले थे। नागफनी थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि इस घटना में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। किसी के विरुद्ध कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पोस्टमार्टम के बाद उसके पिता पवन कुमार शव मुजफ्फरनगर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि अजीत जिगर कॉलोनी में नट बाबा मंदिर के पास राकेश कुमार के तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल वाले कमरे में रहता था। तीसरी मंजिल के कमरों में अन्य तीन-चार कांस्टेबल रहते हैं। कमरे में मृतक का रूम पार्टनर कांस्टेबल गौरव भी नहीं था, उसने दरवाजे की सिटकनी लगाकर अंदर ही सरकारी राइफल से गोली मार ली थी। रात में तीसरी मंजिल पर रहने वाला एक कांस्टेबल लघुशंका के लिए जगा था, उसने कमरे के दरवाजे से बाहर खून आते देखा तो अन्य साथियों को जगाकर जानकारी दी। इसके बाद नागफनी थाने में खबर की गई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे के दरवाजे को धक्का देकर खोला तो वहां अजीत मृत पड़ा था और उसके आसपास काफी खून था। पड़ोस में सरकारी राइफल पड़ी थी। उधर, सीओ कोतवाली ने बताया कि मृतक कांस्टेबल अभी 30 अक्टूबर से हमराही के तौर पर उनके साथ तैनात हुआ था। इससे पहले वह पुलिस लाइन में नियुक्त था। वह अभी कुछ महीने पहले ही गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर आया था और उसे पुलिस लाइन में तैनाती मिली थी। सीओ देश दीपक सिंह ने घटना रात के करीब नौ की होना बताया है। अजीत वर्ष 2019 बैच का कांस्टेबल था। उसका पत्नी से नौ-दस महीने से विवाद चल रहा था। दूसरी तरफ हापुड़ में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात मृतक कांस्टेबल के पिता पवन कुमार ने बेटे की आत्महत्या का कारण बहू व उसके मायके वालों की तरफ से उनके लगातार परेशान करना बताया है। उन्होंने बताया कि नौ महीने पहले ही वह सामान समेत मायके चली गई थी। कई बार कोशिश करने के बाद भी वह लौटकर आने को तैयार नहीं थी। पत्नी के कहने पर ही बेटा अजीत पीएसी छोड़कर सिविल पुलिस में आया था। बहू चंचल बेटे से अपने मां-बाप और बड़े भाई को छोड़ देने का दबाव बना रही थी। इसी वजह से अजीत अवसाद में रहने लगा था। मृतक के परिवार में अभी कोई संतान नहीं थी।

# छात्र छात्राओं को विद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के तहत दी यातायात नियमों की जानकारी



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद। थाना डिलारी क्षैत्र के गोविंदपुर स्थित रासरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सडक सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने कार्यशाला का आयोजन कर छात्र एव छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में डिलारी थाना से एसआई पिंकी शर्मा ने छात्र एव छात्राओं से कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों की पालना करने की जरूरत है। एसआई पिंकी शर्मा ने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का उपयोग करना चहिए, इसके लिए अपने परिजनों व पडौसियों को जागरूक करने का कार्य करें। इस अवसर पर यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए एसआई पिंकी शर्मा ने बताया कि नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माना तय किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्राओं से कहा कि यातायात नियमों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रयास किए जाने चहिए। थाना डिलारी से एसआई पिंकी शर्मा ने छात्र एव छात्राओं को यातायात नियमों का पालना करने के लिए शपथ भी दिलाई। बही इसी कड़ी में मिशन शक्ति दीदी के तहत एसआई पिंकी शर्मा सभी छात्राओं को महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बताया। और विद्यालय में लगे शिकायत पेटिका से पत्र निकलकर पत्र भी चेक किए। कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसआई पिंकी शर्मा सह पुलिस बल समेत,आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- डिलारी = डिलारी में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत डिलारी में महिलाओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। एसआई पिंकी शर्मा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा।

थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। एसआई पिंकी शर्मा महिला कांस्टेबल आशा आदि मौजूद रही ।

# फार्म भरने में हुई गलती, तब भी छात्रवृत्ति से नहीं होंगे वंचित

मुरादाबाद- मुरादाबाद। थाना डिलारी क्षैत्र के गोविंदपुर स्थित रासरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सडक सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने कार्यशाला का आयोजन कर छात्र एव छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में डिलारी थाना से एसआई पिंकी शर्मा ने छात्र एव छात्राओं से कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों की पालना करने की जरूरत है। एसआई पिंकी शर्मा ने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का उपयोग करना चहिए, इसके लिए अपने परिजनों व पडौसियों को जागरूक करने का कार्य करें। इस अवसर पर यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए एसआई पिंकी शर्मा ने बताया कि नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माना तय किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्राओं से कहा कि यातायात नियमों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रयास किए जाने चहिए। थाना डिलारी से एसआई पिंकी शर्मा ने छात्र एव छात्राओं को यातायात नियमों का पालना करने के लिए शपथ भी दिलाई। बही इसी कड़ी में मिशन शक्ति दीदी के तहत एसआई पिंकी शर्मा सभी छात्राओं को महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बताया। और विद्यालय में लगे शिकायत पेटिका से पत्र निकलकर पत्र भी चेक किए। कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसआई पिंकी शर्मा सह पुलिस बल समेत,आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी विश्वविद्यालय बनने से विद्यार्थियों की दूर होगी परेशानी

मुरादाबाद- टेक्निकल, मेडिकल जैसे कोर्स के लिए दूसरे शहरों की नहीं लगानी पड़ेगी दौड़ रकारी विश्वविद्यालय मंडल के छात्र-छात्राओं के लिए खुशियों की बहार लेकर आया है। साथ ही अभिभावकों के सर से अतिरिक्त खर्च का बोझ हटेगा। विद्यार्थियों को टेक्निकल और मेडिकल कोर्स के लिए दूसरे शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही महानगर के कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं तो छोटी-छोटी त्रुटियों को सही कराने के लिए बरेली तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। हिंदू कॉलेज में करीब 10,000 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। यहां आर्ट, साइंस, कोमर्स, बीएड, एमएड समेत अन्य कोर्स की पढ़ाई होती है। वहीं केजीके कॉलेज में करीब 5,000 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। यहां आर्ट, कॉमर्स, गणित समेत अन्य कोर्स की पढ़ाई होती है। ऐसे ही गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज में करीब 1500 छात्राओं का पंजीकरण है। यहां भी टेक्निकल किसी कोर्स की पढ़ाई नहीं होती। साथ ही, विद्यार्थियों को छोटी-छोटी त्रुटि होने पर बरेली विश्वविद्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। जिनसे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें उनका समय और आर्थिक रूप से शोषण होता है। लेकिन, विश्वविद्यालय बनने से इन विद्यार्थियों को बरेली के चक्कर नहीं काटने पड़ेगा। केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय बनने से जिन विद्यार्थियों को टेक्निकल कोर्स जैसे इंजिनियरिंग, मेडिकल आदि कोर्स के लिए विभिन्न शहरों में नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही अभिभावकों का आर्थिक शोषण भी नहीं होगा। इससे विद्यार्थियों के जीवन के नए रास्ते निकलेंगे। मंडल के लिए विश्वविद्यालय खुशियां की सौगात साबित होगा। साथ ही इससे रोजगार भी बढ़ेगा। विश्वविद्यालय बनने से छात्राओं को बहुत अधिक लाभ होगा। परीक्षाफल व डिग्री से सम्बंधित छोटे-छोटे कार्यों के लिए बरेली के चक्कर लगाने पड़ते थे। बरेली जाने में छात्राओं का समय खर्च होता था व आर्थिक हानि भी होती थी लेकिन, अब मुरादाबाद में विवि की स्थापना होने से इन सबसे निजात मिलेगी। - श्रद्धा पाराशरी, छात्रा

मुरादाबाद मंडल में विश्वविद्यालय की स्थापना होने से छात्राओं में खुशी की लहर है।

पहले टेक्निकल कोर्स के लिए दूसरे शहरों के चक्कर काटने पड़ते थे। जिसमें समय और आर्थिक समस्या दोनों का सामना करना पड़ता था। कई विद्यार्थियों को अभिभावकों द्वारा खर्च न उठाने की वजह से बीच में ही पढ़ाई रोकनी पड़ती थी। ऐसे विद्यार्थी के लिए भी पढ़ाई के रास्ते साफ होंगे। - आयुष शर्मा, छात्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद को सरकारी विश्वविद्यालय देकर यहां के लोगों पर बड़ा उपकार किया है। यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के आगे बढ़ाने के लिए खास प्लेटफार्म होगा। अब इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई कम पैसे में हो जाएगी। जिससे विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुल जाएगा। - शुभम शर्मा, छात्र

विश्वविद्यालय बनने से रोजगार में बढ़ोतरी होगी। साथ ही विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के नए रास्ते खुलेंगे। पहले हमें छोटी-छोटी त्रुटियों को सही कराने के लिए बरेली के चक्कर काटने पड़ते थे। जिसमें कई कई दिन खराब हो जाते थे। विश्वविद्यालय बनने से उसमें पढ़ने वालों के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी लाभ होगा।- अक्षत मल्होत्रा, छात्र

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पीतल कारोबारी की हत्या करने वाले दोनों अभियुक्तों से हुई पुलिस की मुठभेड़, एक के लगी पैर में गोली, दोनों गिरफ्तार



मुरादाबाद- पीतल कारोबारी साउथ की गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने गुरुवार तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के बाएं पैर में पुलिस की गोली भी लगी। घायल हत्याभियुक्त सोहराब को पुलिस ने जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है। यह पूर्व से ही अपराधी है, इस पर ?10000 का पहले से ही इनाम घोषित था। मुठभेड़ में पुलिस ने सोहराब के दोस्त सलमान को भी धर दबोचा है। पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदोरिया ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए सोहराब और उसका दोस्त सलमान की रामपुर दोराहे पर पुलिस से आमना-सामना हो गया। इस दौरान इन आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर सामने से फायर झोक दिया। जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों में से एक सोहराब के बाएं पैर में पुलिस की गोली लग गई और इसे पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया है। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि इन दोनों लोगों ने 24 घंटे पहले मंगलवार रात 10ः30 बजे के दौरान एकता विहार कॉलोनी में निर्यात कंपनी के मैनेजर राशिद के इकलौते बेटे सऊद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार किया गया सोहराब सऊद के घर का पड़ोसी है। उन्होंने बताया कि सऊद के पिता परिवार संग एकता विहार कॉलोनी में किराए के भवन में रहते हैं। सऊद अपनी दो छोटी बहन का इकलौता भाई था। इसे उसके पड़ोसी सोहराब और इसके दोस्त सलमान ने मामूली सी कहासुनी के बाद रात में गोली मार कर उसकी हत्या की थी। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि इस वारदात को पुलिस ने चुनौती पूर्वक मानकर खुलासे के लिए टीम में गठित की थी। और घटना की 24 घंटे के अंतराल में ही पुलिस अभियुक्तों को पकड़ने में कामयाब हुई है। इससे जनता के बीच पुलिस का विश्वास भी बढ़ा है।

## पुलिस ने बताई मुठभेड़ की कार्रवाई

कटघर थाना क्षेत्र के काशीपर तिराहा पुलिस चौकी के इंचार्ज ओम शुक्ला ने बताया कि एकता विहार कॉलोनी में मंगलवार रात हुए हत्याकांड का 30 घंटे के अंदर पर्दाफाश किया गया है। दरोगा गुरुवार तड़के सत्तू नगला की तरफ गश्त कर रहे थे।

इसी बीच सत्तू नगला की तरफ से एक बाइक पर आ रहे दो लोग ने पुलिस को देखकर बाइक मोड़ी और उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इनकी हरकत देख दरोगा ने तुरंत भांप लिया और उनकी तरफ बढ़े कि तभी सामने से इन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिससे सोहराब नाम के व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। सोहराब के पास से 32 बोर की पिस्तौल भी बरामद हुई है। मुठभेड़ में सलमान के पास से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। गिरफ्तार दोनों बदमाशों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि 24 एकता विहार दक्षिणी में सऊद नाम के व्यक्ति को इन्होंने मारा था। भागने की फिराक में थे। पुलिस की मुठभेड़ में पकड़े गए।

# महिलाओं की सुरक्षा में नहीं होनी चाहिए ढिलाई, हिम्मत से हक के लिए बढ़े बेटियां



मुरादाबाद- कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत हक की बात कार्यक्रम में जानकारी देते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। उनके शिक्षा और सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत हक की बात कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार के लिए बने कानून व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा व उसके हक की रक्षा उनकी व सरकार की प्राथमिकता है। इसमें सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरुण कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद भी कमीशन खोरी के चक्कर में नहीं कराया जा रहा है काम कंपनी के द्वारा

क्यूँ न लिखूँ सच
शिवकुमार मिश्र

रीवा – सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नहीं कराया जा रहा संतोष जनक कम जिम्मेदार कौन जो है जिम्मेदार वह है मौन कनेक्शन धारी है परेशान नहीं हो रही कहीं सुनवाई छपति नगर वार्ड नंबर 26 में स्मृता तिवारी के घर का मामला है सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सीवर पाइप लाइन का काम किया जा रहा है और चेंबर का भी काम किया जा रहा है लेकिन रोड खुदाई के समय जेसीबी के द्वारा कनेक्शन धारी का पानी सप्लाई नगर निगम रीवा का पाइप को तोड़ दिया जाता है जिसके कारण कनेक्शन धारी परेशान रहते हैं जब पानी सप्लाई के अधिकारियों से बात की जाती है तो बताया गया कि जो कंपनी तोड़फोड़ करती है उसी का काम है बना कर दे जबकि कनेक्शन धारी के तरफ से हर बार एडवांस पैसा नगर निगम रीवा में जमा किया जाता है सहज कंपनी के द्वारा पाइप को तोड़ा गया लेकिन जितना तोड़ा गया था उतना ही बनाया गया जब पानी नहीं आया तो कनेक्शन धारी ने दोबारा कंपनी से संपर्क किया और बोला गया कि आप आगे और खुदवाइए तो कंपनी के द्वारा मन कर दिया गया तब कनेक्शन धारी के द्वारा बताया गया कि आप खुदवाइए जो लेबर चार्ज होगा देंगे उसके बाद आगे की खुदाई चालू हुई आगे जब खोदा गया तो पाइप खुला मिला जेसीबी मशीन के झटके से पूरा पाइप अंदर से हिल गया था उसके बाद कनेक्शन धारी के द्वारा पाइप 10 फिट का पाइप ज्वाइंटर सॉल्यूशन अन्य सामग्री कनेक्शन धारी के द्वारा लाया गया और लेबर चार्ज भी डेढ़ सौ रुपए दिया गया लेकिन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्लंबर से काम ना करा कर जो लेबर काम कर रहे थे उसी द्वारा पाइप का कनेक्शन करवाया गया उसके बाद भी सप्लाई पानी चालू नहीं हो पाया इस बात की जानकारी कनेक्शन धारी के द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत जी को एवं राज को विशाल जी को भी दिया गया और उनके द्वारा आश्वासन मिला कि दूसरे दिन काम कर दिया जाएगा लेकिन जब आज संपर्क किया गया तो कंपनी के द्वारा बताया गया कि आज हमारे पास ना कोई लेबर है ना कोई मशीन है इसलिए मजबूर होकर कनेक्शन धारी को अपने तरफ से फिर से खुदवा कर काम को चालू किया गया है जबकि यह काम कंपनी करती है उसको कंप्लीट करके देना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है कनेक्शन धारी मजबूर होकर अपने खर्चे से दोबारा लेबर और प्लंबर को बुलाकर के कार्य को कराया जा रहा है क्योंकि 5 दिन से सप्लाई पानी के लिए परेशान हैआखिर कब तक कंपनी अपने फायदा के लिए दूसरों का नुकसान करता रहेगा यह सोचने का विषय है अगर इसी तरह चलता रहा तो आगे क्या होगा क्या कंपनी को किसी का संरक्षण मिला है सीएम हेल्पलाइन के कंप्लेंट करने के बावजूद भी नहीं बना रहे हैं खुद कनेक्शन धारी को बनवाना पड़ा सप्लाई कनेक्शन कमीशन खोरी के चक्कर में सीएम हेल्पलाइन का भी किया जा रहा है नजर अंदाज

## 15 नवम्बर शाम 05 बजे से 17 नवम्बर तक शुष्क दिवस घोषित

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर-जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानो को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 15 नवम्बर शाम 05 बजे से 17 नवम्बर 2023 तक सम्पूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के द्वारा शुष्क घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के देशी कंपोजिट मदिरा दुकान सूरजपुर, देशी कंपोजिट मदिरा दुकान शिवनंदनपुर, विदेशी मदिरा दुकान प्रतापपुर, विदेशी मदिरा दुकान लटोरी, विदेशी मदिरा दुकान भैयाथान, विदेशी मदिरा दुकान जरही, विदेशी मदिरा दुकान बिहारपुर, विदेशी मदिरा दुकान रामानुजनगर, विदेशी मदिरा दुकान प्रेमनगर एवं विदेशी मदिरा दुकान भटगांव मदिरा दुकानों का चिन्हांकन भी किया गया है।



## नाम वापसी के अंतिम तिथि के दिन 07 अभ्यर्थियों ने नाम लिया वापस,42 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर/- आज नाम वापसी के अंतिम तिथि के दिन विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04) से 02, भटगांव (05) से 03 एवं प्रतापपुर (06) से 02 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली। इसके साथ ही प्रेमनगर (04) से 12, भटगांव (05) से 17 एवं प्रतापपुर (06) से 13 अभ्यर्थी अर्थात कुल 42 अभ्यर्थी चुनावी मैदान मे है। इसके साथ ही सभी को दलीय संबद्धता के आधार पर प्रतीक चिन्ह आबंटित कर दिया गया है।

## जनता दर्शन मे पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याए



क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान गूगल मीट के माध्यम से समस्त थाना प्रभारी को भी जोड़ा गया था, पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई करते समय शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 03 भूमि विवाद, 02 पारिवारिक विवाद व 04 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया।

## एसपी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती यातायात माह शुभारंभ किया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में पुलिस लाइन से बाइक रैली को हरी झंडी पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दिखाकर रवाना किया। मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रभारी यातायात मनीष कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।उक्त बाइक रैली पुलिस लाइन से रवाना होकर कस्बा भिनगा का भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुये जागरुक किया गया। यातायात जागरूकता अभियान पूरे माह चलेगा इस दौरान पुलिस द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओ व परिवहन विभाग के साथ मिलकर स्कूल/कॉलेजों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कार्यक्रमों का आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा।

# दिव्यराज सिंह के जनसंपर्क के दौरान ग्राम उमरी के खदीहई मोहल्ले की जनता ने जोरदार स्वागत किया

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी

रीवा एमपी सिरमौर से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के जनसंपर्क के दौरान ग्राम उमरी के खदीहई मोहल्ले की जनता ने जोरदार स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दिव्यराज सिंह ने कहा कि जो भी समस्याएं खदीहई मोहल्ले में हैं।

उसको हम पूरी तरह से निदान करने की कोशिश करेंगे रास्ता का एक विषय है जो कि जल्द ही नहर के माध्यम से ग्राम उमरी पंचायत में जोड़ा जाएगा। इस दौरान उपस्थित जनता समुदाय ने तालियों के साथ भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह को धन्यवाद दिया। इसके अलावा पेयजल संकट से निपटने के लिये दिव्यराज सिंह ने बड़ी बात करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्र में जहां मोहल्ले हैं

वहां पर हम सीधे आदिवासियों के हाथ में पेयजल संकट से निपटने के लिए खुद एक प्रतिनिधि तय करेंगे ताकि शुद्ध विभाग का चक्कर न लगाना पड़े। आदिवासियों के हित के लिए बड़ी बात भाजपा प्रत्याशी ने की।

बड़ी संख्या में आदिवासियों ने भी बहुत-बहुत साधुवाद और धन्यवाद दिव्यराज सिंह को किया

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु दिखाई गई मूवी



क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा

बरेली – मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु नटराज पिक्चर हॉल में तेजस मूवी दिखाई गई।

इस अवसर पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल पुलिस महा निरीक्षक डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपनिदेशक महिला कल्याण नीता अहिरवार, बी0एस0ए0 संजय सिंह, महिला कल्याण विभाग से सोनम शर्मा, संध्या जायसवाल, अनिल कुमार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी व अध्यापिकाएं/छात्राये आदि ने तेजस मूवी को देखा गया

## तीन दिवसीय टेनिस टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली – रिठेरा।इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटर स्कूल लॉन टेनिस टूर्नामेंट का गुरूवार को पद्मावती सीनियर सेकेंडरी खेल मैदान में शुभारंभ विशिष्ट अतिथि निर्भय बैनीवाल प्रेसिडेंट इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन, सौभाग्य चौधरी ट्रेजरार इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन, राजेश जॉली फाउंडर चेयरमैन एवं मैनेजर जी. आर. एम. स्कूल, अमनदीप बग्गा चेयरमैन बेदी इंटरनेशनल स्कूल सहित पद्मावती चेयरमेन पारुष अरोरा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बरेली सी. बी. एस. ई स्कूलों की 15 टीमों ने भाग लिया।सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर 14 बालक एकल वर्ग में हुए मैचों में - अल्मा मातेर बनाम जी0 आर 0एम 0के बीच मैच में अल्मामातेर विनर रहा।बेदी इंटरनेशनल स्कूल बनाम जी0आर0एम 0के बीच हुए मैच में जी. आर. एम. स्कूल विनर रहा। वहीं सेंट जेवियर्स बनाम पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुए मैच में सेंट जेवियर्स स्कूल ब विनर रहा। व्यास वर्ल्ड स्कूल बनाम द गुरु स्कूल के बीच मैच में द गुरु विनर रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में - अल्मामातेर और बेदी इंटरनेशनल के बीच हुए मैच में अल्मामातेर विनर। सेंट जेवियर्स स्कूल और जी. आर. एम. स्कूल



में जी. आर. एम.स्कूल विनर। जी0 डी 0गोयंका स्कूल बनाम व्यास वर्ल्ड स्कूल से जी0डी 0गोयंका विनर। सेक्रेड हार्टस स्कूल बनाम माधवराव सिंधिया स्कूल के बीच हुए मैच में माधवराव सिंधिया स्कूल विनर रहा।

# प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम का डीएम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



